महत्वपूर्ण एवं खास

हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय वार्ता शुरु

दिल्ली,(आरएनएस)। ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी के तीन दिवसीय भारत दौरे का आज आखिरी दिन है। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में इरान और भारत के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान रूहानी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय संबंधों में हासिल की गई प्रगति की समीक्षा करेंगे। दोनों देशों के आपसी हित के क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। इसके बाद रूहानी राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात करेंगे। वह ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) में एक विशेष व्याख्यान देंगे। सुबह 9 बजे राष्ट्रपति भवन में हसन रूहानी का औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद 9.30 बजे उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह 10.15 बजे होटल आईटीसी मौर्या में रुहानी और विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की मुलाकात की।

कार्यकारी समिति की बैठक से चार दिवसीय राष्ट्रमंडल सम्मेलन शुरू

पटना,(आरएनएस)। लोकसभा अध्यक्ष तथा कॉमनवेल्थ पार्लियामेन्ट्री एसोसिएशन (सीपीए) भारत प्रक्षेत्र की अध्यक्ष सुमित्रा महाजन की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति की बैठक के साथ ही ऐतिहासिक नगरी पाटलिपुत्र में चार दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत हो गयी। स्थानीय होटल मौर्य में कार्यकारी समिति ने करीब डेढ़ घंटे तक गहन चर्चा की। मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि, वर्तमान सम्मेलन तथा सीपीए की आगामी गतिविधियों चर्चा की गयी। बैठक में श्रीमती महाजन के साथ ही कार्यकारी समिति के कुल सात सदस्य शामिल हुए। इनमें बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी, मध्यप्रदेश विस अध्यक्ष डा. सीताशरण शर्मा, यूपी अध्यक्ष हृदयनाथ दीक्षित, असम के स्पीकर हितेन्द्रनाथ गोस्वामी, उत्तराखंड विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल और लोकसभा की महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव शामिल रहे। बैठक के बाद लोस अध्यक्ष समित्रा महाजन ने कहा कि पटना में हो रहे दिवसीय सम्मेलन महत्वपूर्ण है। इसमें हुए निर्णयों पर सीपीए के हर सदस्य देशों में चर्चा होगी। सम्मेलन के हर मिनट की कार्रवाई का ब्यौरा सीपीए मुख्यालय को भी भेजा जाएगा। मीडिया से बातचीत में श्रीमती महाजन ने कहा कि भारत एक विशाल देश है। पहले भारत के साथ श्रीलंका भी शामिल था। लेकिन हमारे करीब ढाई दर्जन राज्य हैं और सभी राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष सीपीए के कार्यकारी समिति में शामिल हैं। तो भारत को बड़ा देश होने के कारण राष्ट्रमंडल संसदीय संघ ने भारत प्रक्षेत्र के रूप में इसे अलग पहचान दी है। पटना में हो रही यह मीटिंग इंडिया रीजन की मीटिंग है। इसमें शामिल होने के लिए सीपीए की इंटरनेशनल चेयरपर्सन कैमरून की स्पीकर एलीमिया लिफाका और जेनरल सेक्रेटी आए हैं।

बांग्लादेश के रास्ते भारत में घुसा उत्तर कोरियाई नागरिक, बीएसएफने दबोचा

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में पुलिस ने भारत-बांग्लादेश सीमा के पास से एक उत्तर कोरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। इसके पास उत्तर कोरिया का पासपोर्ट तो मिला लेकिन कोई भी वैध वीजा नहीं था। अधिकारियों के मुताबिक, 30 साल के जुंग हो का कहना है कि वह बांग्लादेश में एक उत्तर कोरियाई कंपनी में काम करता है जो खनन के उपकरण बनाती है। फिलहाल जुंग को न्यायिक हिरासत में रखा गया है। अब ऐसे व्यक्ति की तलाश की जा रही है जो दुभाषिए का काम कर सके, जिससे पुलिस उसकी बात समझ सके। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया, 'हमें जो अब तक समझ आया है कि वह यह है कि जो के पास बांग्लादेश का वीजा है लेकिन वह हमें यह नहीं समझा पा रहा है कि वह बिना वीजा के भारत में क्यों घुसा? ऐसा लगता है कि वह मैनेजर लेवल का अधिकारी है लेकिन यह जानना जरूरी है कि वह इस तरह भारत में क्यों घुसा।' शुरुआती जांच में यह भी पता चल रहा है कि जो की कुछ बातें सही भी हैं। ढाका में नॉर्थ-कोरियन कंपनी 'नमनम' का ऑफिस भी है। बीएसएफ ने उसे सीमा के पास देखा और स्वरूपनगर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बताया, 'हम यह मानते हैं कि वह कुछ सालों से बांग्लादेश में रह रहा है इसलिए बांग्ला के कुछ शब्द सीख गया है। उसने यह भी बताया कि वह एक दलाल को पैसे देकर भारत में घुसा और वही दलाल जो को बॉर्डर तक ले आया। उसने यह भी बताया कि वह भारत घूमने का बहुत इच्छुक है लेकिन वीजा नहीं मिल पाया।'

धोनी से खेल की बारीकियां सीखना चाहते हैं बिलिंग्स

चेन्नई, (आरएनएस)। इंग्लैंड के सीमित ओवर के विशेषज्ञ सैम बिलिंग्स आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में खेलने के अवसर का इस्तेमाल महेंद्र सिंह धोनी से खेल की बारीकियां सीखने के लिए करना चाहते हैं। 26 साल के खिलाड़ी ने सीएसके की आधिकारिक वेबसाइट को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''मैं इतनी शानदार टीम में खेलने और टीम के अनुभवी खिलाड़ियों से काफी कुछ सीखने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मैं धोनी के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं जिनका मैं बतौर खिलाड़ी हमेशा से मुरीद रहा हूं क्योंकि हम दोनों एक ही भूमिका (विकेट कीपर-बल्लेबाज) निभाते हैं। इसलिए मैं उनसे सीखने का इंतजार कर रहा हूं।

साउथ अफ्रीका में कामयाबी के पीछे अनुष्का

सेंचुरियन (आरएनएस)। टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका से 5-1 से वनडे सीरीज जीत ली। भारत ने पहली बार साउथ अफ्रीका में कोई सीरीज जीती है। जीत का क्रेडिट विराट ने अपनी वाइफ अनुष्का शर्मा को दिया है। उन्होंने कहा कि मुश्किल हालात में वे उनके पीछे एक मजबूत स्तंभ की तरह खड़ी रहीं। बता दें कि साउथ अफ्रीका में वनडे में विराट 558 रन बनाकर मैन ऑफ द सीरीज रहे। जो लोग मेरे करीब हैं, उन्हें इस कामयाबी का क्रेडिट जाता है। मैं अपनी सफलता का श्रेय अनुष्का को देना चाहूंगा। वे मुश्किल हालात में मेरे पीछे एक पिलर की तरह खड़ी रहीं। अनुष्का पूरे साउथ अफ्रीका टूर में मेरे साथ रहीं। इसके लिए मैं उनका शुक्रिया अदा करता हूं। ये सच है कि आप सामने से ही लीड करना चाहते हैं और ये जबर्दस्त एहसास होता है। आखिरी वनडे में बैटिंग को लेकर दिमाग में पिक्चर एकदम साफ थी। विराट में इस मैच में 96 बॉल में 129 रन बनाए और नॉटआउट रहे। विराट ने कहा, अभी मेरे करियर के 8 या 9 साल बचे हैं, मैं रोज ज्यादा से ज्यादा क्रिकेट खेलना चाहता हूं। भगवान का शुक्र है कि मैं स्वस्थ हूं और अपने देश के लिए कप्तानी कर रहा हूं। कोहली ने कहा कि साउथ अफ्रीका का ये दौरान रोलरकोस्टर जैसा रहा। दोनों स्पिनरों युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव ने जबर्दस्त बॉलिंग की। शिखर और रोहित भी शानदार रहे। साउथ अफ्रीका टूर अभी खत्म नहीं हुआ है। हम टी-20 पर फोकस कर रहे हैं। शार्दुल ठाकुर (52/4) की बेहतरीन बॉलिंग के बाद कैप्टन विराट कोहली (129*) की 35वीं सेंचुरी की मदद से भारत ने द.अफ्रीका को छठे वनडे में 8 विकेट के हराकर सीरीज 5-1 से जीत ली। इस सीरीज से पहले टीम इंडिया द.अफ्रीका को उसके घर में सिर्फपांच बार ही हरा पाई थी। इस सीरीज में उसने पांच जीत मात्र 16 दिन में हासिल कर ली। इस तरह भारत की यह अफ्रीका में 10वीं जीत है।

36 साल की उम्र में बने नंबर वन वर्ल्ड प्लेयर



नई दिल्ली (आरएनएस)। वर्ष का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के साथ ही इतिहास रचने वाले स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर एक और ऐतिहासिक कारनामा किया है। हाल में फेडरर ने अपना 20वां ग्रैंड स्लैम जीता, और अब वे विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। 36 वर्षीय स्विस खिलाड़ी ने रोटरडम ओपन के क्वार्टरफाइनल में हॉलैंड के रोबिन हासे को 4-6, 6-1, 6-1 हराया। इसके साथ ही फेडरर ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी राफेल नडाल को शीर्ष से हटा दिया। इस तरह फेडरर आंद्रे अगासी की पीछे छोड़ते हुए विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। अगासी ने 2003 में 33 साल 131 दिन की उम्र में शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। फेडरर पिछले साल जनवरी में विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने फार्म में वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता। तब से उनका विजय अभियान जारी है। पिछले मैच में उन्होंने जीत के बाद कहा था, यह शानदार चुनौती है, मैं वहां पहुंचने की कोशिश में जूझ रहा था। मुझे इसके लिये पिछले साल कई मैच जीतने पड़े। फरवरी 2016 में हुई घुटने की सर्जरी के बाद मैंने इसके बारे में सोचा नहीं था। नंबर एक स्थान हासिल करना काफी मुश्किल है।

नए स्मार्टफोन पर जियो दे रहा है 2,200 रुपये का कैशबैक

नई दिल्ली (आरएनएस)। रिलायंस जियो ने अपने मौजूदा और नए ग्राहकों के लिए नए स्मार्टफोन खरीद पर 2200 रुपये कैशबैक का ऑफर पेश किया है। सैमसंग, शाओमी, नोकिया, हुवावे, इंटेक्स, और ब्लैकबेरी सहित 22 कंपनियों के स्मार्टफोन खरीदने पर कैशबैक का लाभ लिया जा सकता है। कंपनी सूत्रों ने बताया, जियो नेटवर्क में आने वाले स्मार्टफोन के लिए जियोफुटबॉल ऑफर के तहत 2,200 रुपये का कैशबैक दिया जा रहा है। अन्य कंपनियां भी चुनिंदा ब्रैंड्स के स्मार्टफोन पर 1,500-2,000 रुपये का कैशबैक दे रही हैं और जियो ने अब उनकी चुनौती बढ़ा दी है। जियो का यह ऑफर 15 फरवरी से 31 मार्च 2018 के बीच नए स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हुए पहला रीचार्ज करने पर वैलिड होगा। 31 मार्च से पहले जैसे ही कस्टमर 198 रुपये या 299 रुपये का पहली बार रीचार्ज करता है उसके जियो अकाउंट में 50 रुपये मूल्य के 44 वाउचर जुड़ जाएंगे। इन वाउचर्स का इस्तेमाल माइजियो से 198 या 299 रुपये के रीचार्ज पर किया जा सकता है। अन्य ब्रैंड जिनपर यह ऑफर वैलिड है वे हैं- लाइफ, मोटोरोला, माइक्रोमैक्स, 10.ओआर, आसुस, पैनासोनिक, एलजी, अलकाटेल, कोमिओ, जीवी, सेल्कॉन, स्वाइप, जिओक्स, जेन, आईवूमी और

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 29 संपत्तियां-105 बैंक खाते कुर्क किए

नई दिल्ली (आरएनएस)। अरबपति जूलरी डिजाइनर नीरव मोदी का संकट और बढ़ता दिख रहा है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को टैक्स चोरी जांच के सिलसिले में अस्थायी रूप से हीरा कारोबारी और उसके परिवार की 29 संपत्तियां और 105 बैंक खातों को कुर्क कर दिया। इसके अलावा विभाग ने विदेश में गैरकानूनी संपत्तियां रखने के लिए उसके खिलाफ नए कालाधन रोधक कानून के तहत मामला भी दर्ज किया है। समझा जाता है कि उसकी यह संपत्ति सिंगापुर में है। कालाधन (अघोषित विदेशी आय एवं संपत्ति) और टैक्सेसन कानून 2015ए विदेश में गैरकानूनी संपत्तियों से संबंधित है। अभी तक इस तरह के मामलों की जांच इनकम टैक्स लॉ, 1961 के तहत होती थी। नए कानून के तहत अघोषित विदेशी संपत्ति और आय पर 120 प्रतिशत का भारी भरकम जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इसमें दस साल जेल की सजा भी हो सकती है।

टारगेट चेजिंग में ऑस्ट्रेलिया ने बनाया वर्ल्ड रेकॉर्ड

नई दिल्ली (आरएनएस)। न्यू जीलैंड में खेली जा रही त्रिकोणीय टी20 सीरीज में आज ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान न्यू जीलैंड को हराकर टी20 क्रिकेट में स्कोर चेजिंग का वर्ल्ड रेकॉर्ड बना दिया। इस मैच में न्यू जीलैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 244 रन का लक्ष्य दिया था। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इसे 7 गेंद शेष रहते ही हासिल कर लिया। अब यह टी20 क्रिकेट में सफल स्कोर चेजिंग का वर्ल्ड रेकॉर्ड है। इससे पहले ये वर्ल्ड रेकॉर्ड वेस्ट इंडीज के नाम था। इडेन पार्क ऑकलैंड में खेले गए इस मुकाबले में न्यू जीलैंड ने आज टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था। इस मैच में मार्टिन गप्टिल (105) का शानदार शतक और कोलिन मनरो (76) की शानदार हाफ सेंचुरी की बदौलत कीवी टीम ने मेहमान कंगारुओं के सामने 244 रन का लक्ष्य रखा। इन दोनों कीवी बल्लेबाजों ने ओपनिंग विकेट के लिए 132 रन की साझेदारी की थी। इसके अलावा 49 बॉल में शतक जमाने वाले गप्टिल सबसे ज्यादा टी20 इंटरनैशनल रन बनाने के मामले में भी टॉप पर काबिज हो गए। गप्टिल ने अपने ही देश के खिलाड़ी ब्रेंडन मेककुलम (2140) को पीछे छोड़ दिया है। अब गप्टिल के टी20 इंटरनैशनल में (2188*) हैं। 244 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कंगारू टीम ने भी 5 विकेट से इस मैच को अपने नाम कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से डी आर्की शॉर्ट ने सबसे ज्यादा (76) रन का योगदान दिया। आर्की के अलावा कप्तान डेविड वॉर्नर ने भी उम्मदा 59 रन की पारी खेली। इस मैच में दोनों टीमों ने कुल 32 छक्के जड़े। इससे पहले टी20 इंटरनैशनल में सबसे ज्यादा रन चेज का रेकॉर्ड वेस्ट इंडीज के नाम था। वेस्ट इंडीज ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 19.2 ओवर में 236 रन का सफल चेज किया था।

सौरभ गांगुली का अपग्रेडेड वर्जन हैं कोहली

नई दिल्ली (आरएनएस)। टीम इंडिया के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंदर सहवाग ने टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली की तारीफ की है। मैदान पर अक्सर अपनी आक्रामकता को लेकर सुर्खियों में रहने वाले विराट को इस बार इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी का समर्थन मिला है। वीरू ने कहा कि कोहली की आक्रामकता पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली का अपग्रेडेड वर्जन है। वीरेंदर सहवाग ने हाल ही में साउथ अफ्रीका से वनडे सीरीज जीत चुकी टीम इंडिया के खेल और कप्तान विराट कोहली की वह तारीफ कर रहे थे। वीरू ने कहा, कोहली की आक्रामकता की तुलना आप पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली से कर सकते हैं। आपको वह (कोहली) गांगुली का अपग्रेडेड वर्जन ही दिखेंगे। इससे पहले हमने सौरभ गांगुली की कप्तानी में भारत को विदेशों में जीतते देखा था और अब कोहली की कप्तानी में यही देख रहे हैं। चाहे सौरभ हों या विराट दोनों ही बेखौफ होकर कप्तानी करते हैं। बता दें कि भारत की इस सीरीज जीत में कोहली ने भी अहम भूमिका निभाई। इस सीरीज में में उनके नाम 2 शतक और 1 अर्धशतक है। हालांकि सहवाग ने कोहली को फिलहाल भारत का सर्वश्रेष्ठ कप्तान मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि कोहली की तुलना भारत के पूर्व कप्तानों से करना अभी ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा, सीरीज जीत के लिहाज से देखें, तो कोहली नंबर 1 हैं। अगर हम देखें हमने उनकी कप्तानी में पिछली 8 सीरीज में जिस तरह से जीत दर्ज की है, तो वह शानदार है। हम पाते हैं कि वह अपनी कप्तानी और परफॉर्मेंस से हमें बेस्ट कैप्टन के रूप में दिखाई देते हैं। लेकिन मैं मानता हूं कि हमें अभी उसकी तुलना भारत के पूर्व कप्तानों से नहीं करनी चाहिए। पुराने कप्तानों से कोहली की तुलना करने से पहले अभी उसे कुछ और समय और अनुभव की जरूरत है।

देश के बैंकों को अरबपतियों ने लगाया 22600 करोड़ रुपये का चूना

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम)- बेंगलुरु के अध्ययन में पता चला है कि देश के सरकारी बैंकों को 2012 से 2016 के बीच फर्जीवाड़े से कुल 227.43 अरब रुपये का चूना लग चुका है। उधर, सूचना-तकनीकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए संसद को बताया था कि 1 जनवरी से 21 दिसंबर 2017 तक 179 करोड़ रुपये के बैंक फर्जीवाड़े के 25,800 से ज्यादा मामले सामने आए। इन फर्जीवाड़ों को क्रेडिट/डेबिट कार्ड्स और इंटरनेट बैंकिंग के जरिए अंजाम दिया गया था। मार्च 2017 में आरबीआई ने जो आंकड़े जारी किए, उनके मुताबिक वित्त वर्ष 2016-17 के पहले नौ महीनों में आईसीआईसीआई बैंक से 1 लाख रुपये और ज्यादा की रकम के 455 फर्जी ट्रांजैक्शन पकड़े गए जबकि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के 429, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के 244 और एचडीएफसी बैंक के 237 फर्जी ट्रांजैक्शन सामने आए। आंकड़े बताते हैं कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 64 एंप्लॉयीज, एचडीएफसी बैंक के 49 एंप्लॉयीज जबकि ऐक्सिस बैंक के 35 एंप्लॉयीज की भूमिका इन फर्जी ट्रांजैक्शंस में पाई गई। अप्रैल से दिसंबर 2016 के बीच 177.50 अरब रुपय के फर्जीवाड़े के 3,870 मामले दर्ज करवाए गए। इन फर्जीवाड़ों में निजी और सरकारी बैंकों के 450 एंप्लॉयीज लिप्त थे।

पीएनबी लोन स्कैम पर उद्योग मंडलों ने जताई चिंता

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। देश के उद्योग जगत ने बैंकों में धोखाधड़ी के बढ़ते जोखिम पर चिंता व्यक्त करते हुए पंजाब नैशनल बैंक में कथित धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कारवाई करने का आह्वान किया है। साथ ही बैंकों में जोखिम प्रबंधन प्रणाली (रिस्क मैनेजमेंट सिस्टम) को बेहतर बनाने पर जोर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नैशनल बैंक में 1.77 अरब डॉलर (करीब 11,400 करोड़ रुपये) का घोटाला सामने आया है। इसमें बैंक से धोखाधड़ी पूर्ण तरीके से अरबपति आभूषण विक्रेता नीरव मोदी को लेटर ऑफ अंडरटेकिंग (एलओयू) उपलब्ध कराए जाने की बात सामने आई है जिसके जरिए विदेशों में दूसरे भारतीय बैंकों से कर्ज उठाया गया। उद्योग मंडल ऐसोचैम ने कहा है कि बैंक की एक शाखा से इस कथित धोखाधड़ी के मामले से पता चलता है कि भारतीय बैंकों, विशेषकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में धोखाधड़ी का कितना जोखिम है। यह देश की वित्तीय प्रणाली के लिए एक बड़ा जोखिम हो सकता है। उद्योग मंडल ने कहा है कि पीएनबी में हुई धोखाधड़ी की इस घटना से हमारी आंखें खुल जानी चाहिए। यह बताता है कि खामी रहित प्रबंधन प्रणाली से हम अभी कितने दूर हैं। देश के एक अन्य प्रमुख उद्योग मंडल फिक्की ने भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में हुई धोखाधड़ी की कड़ी निदा की है और सरकारी एजेंसियों की त्वरित कारवाई का उचित ठहराया है। फिक्की अध्यक्ष राशेस शाह की तरफ से जारी वक्तव्य में कहा गया है कि धोखाधड़ी करनेवालों के खिलाफ कानून के तहत त्वरित और कड़ी कारवाई की जानी चाहिए। फिक्की और ऐसोचैम ने बैंकिंग तंत्र में जोखिम प्रबंधन को बेहतर बनाने और खामियों को दूर करने के लिए पूरी गहराई के साथ प्रणाली का विश्लेषण करने पर जोर दिया है। उद्योग मंडल ने कहा है कि बैंकिंग संस्थानों में इस तरह की घटना नहीं दोहराई जाएं इसका पुख्ता इंतजाम किया जाना चाहिए। उद्योग मंडल ने कहा है कि वह उद्योगों की स्वतंत्रता की वकालत तो करता है लेकिन अवैध और अनुचित तरीके से व्यापार करने का समर्थन नहीं करता।

आरबीआई डेटा से खुलासा, 5 सालों में बैंकों से 61,260 करोड़ रुपये का फ्रॉड

नई दिल्ली, (आरएनएस)। अरबपति जूलर्स द्वारा भारत के दूसरे सबसे बड़े बैंक (पंजाब नैशनल बैंक) को 11,300 करोड़ रुपये की चपत लगाए जाने की खबर से निवेशकों को बड़ा धक्का लगा, लेकिन रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के आंकड़ों से पता चलता है कि यह समस्या इससे कहीं अधिक बड़ी है। सूचना के अधिकार कानून के तहत मिली जानकारी के मुताबिक, 31 मार्च 2017 तक पिछले पांच सालों में सरकारी बैंकों ने 8,670 लोन फ्रॉड की जानकारी दी और इन्हें कुल 61,260 करोड़ु रुपये का चूना लगा। भारत में लोन फ्रॉड उन केसों को कहा जाता है जहां ऋणधारक जानबूझकर बैंकों को धोखा देता है और बैंक को लोन नहीं चुकाता है। आंकड़े बताते हैं कि फंसे कर्ज के बोझ तले दबे बैंकिंग सेक्टर की समस्या कितनी बड़ी है। बैकों के फंसे कर्ज का स्तर पिछले साल 149 अरब डॉलर तक पहुंच गया। बैंक लोन फ्रॉड में तेजी से वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2012-13 में यह 6,357 करोड़ रुपये की लोन जालसाजी की गई तो मौजूदा वित्तवर्ष में यह 17,634 करोड़ तक पहुंच गया, जबकि इसमें पीएनबी केस की रकम को शामिल नहीं किया गया है। देश के दूसरे सबसे बड़े सरकारी बैंक, पीएनबी ने बुधवार को कहा कि इसके दो जूनियर अधिकारियों ने एक ब्रान्च से अवैध रूप से कंपनियों को 11,300 करोड़ रुपये के लोन दिए। इनमें से अधिकतर पर जूलर नीरव मोदी का नियंत्रण है। यह भारत का सबसे बड़ा बैंक फ्रॉड है।